इण्टरमीडिएट परीक्षा : 2021-22

प्रतिदर्श प्रश्नपत्र

कक्षा-12
विषय – नागरिक शास्त्र

समय : 3 घण्टे 15 मिनट — पूर्णांक : 100

नोट: प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

निर्देश:

1- प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

2- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

3- प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।

4- प्रश्न संख्या 11 से 20 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 10 शब्दों (एक वाक्य) में देना है।

5- प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 50 शब्दों में देना है।

6- प्रश्न संख्या 27 से 30 तक के प्रश्नों का उत्तर प्रत्येक लगभग 100-125 शब्दों में देना है।

7- प्रश्न संख्या 31 से 32 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में देना है।

8- सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

खण्ड-'क'
(बहुविकल्पीय प्रश्न)

निर्देश: निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के लिये दिये गये चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिये।

1- कौन-सा देश धुरी राष्ट्रों का सदस्य देश नहीं था? 1

(क) जर्मनी (ख) इटली

(ग) ब्रिटेन (घ) जापान

2- हिरोशिमा और नागासाकी किस देश में स्थित हैं? 1

(क) ग्रेट ब्रिटेन (ख) संयुक्त राज्य अमेरिका

(ग) इटली (घ) जापान

3- बर्लिन की दीवार कब खड़ी की गई? 1

(क) 1960 ई० (ख) 1961 ई०

(ग) 1962 ई० (घ) 1963 ई०

4- शॉक थेरेपी का क्या अर्थ है? 1

(क) आघात पहुँचाकर उपचार करना (ख) उपचार करके आघात पहुँचाना

(ग) निजीकरण को बढ़ावा देना (घ) निजीकरण का विरोध करना

5- 'बैंकाक घोषणा पत्र' द्वारा किस संस्था का गठन किया गया? 1

(क) यूरोपीय आर्थिक समुदाय (ख) संयुक्त राष्ट्र संघ

(ग) राष्ट्र संघ (घ) आसियान

6- गाँधी जी की हत्या किस स्थान पर की गई थी? 1

(क) साबरमती (ख) चम्पारन

(ग) दिल्ली (घ) अहमदाबाद

7- 'आपरेशन फ्लड' किस क्षेत्र से सम्बन्धित था? 1

(क) डेयरी उद्योग (ख) मत्स्य उद्योग

(ग) खाद्यान्न उत्पादन (घ) मुर्गीपालन

8- 'बॉम्बे प्लान' का क्या उद्देश्य था? 1

(क) भारत का राजनैतिक विकास करना (ख) भारत का सांस्कृतिक विकास करना

(ग) भारत का आर्थिक विकास करना (घ) भारत का सर्वांगीण विकास करना

9- 1975 ई० में 'आपातकालीन घोषणा' के समय भारत का प्रधानमंत्री कौन था? 1

(क) जय प्रकाश नारायण (ख) इन्दिरा गांधी

(ग) लाल बहादुर शास्त्री (घ) मोरार जी देसाई

10- 'चिपको आन्दोलन' का सम्बन्ध किस राज्य से था? 1

(क) हिमांचल प्रदेश (ख) अरूणांचल प्रदेश

(ग) जम्मू कश्मीर (घ) उत्तराखण्ड

(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

11- 'सोवियत संघ' का विघटन कब हुआ? 2

12- 'आसियान' के दो सदस्य देशों का नाम लिखिए। 1+1

https://www.evidyarthi.in/

13-	1962 में भारत का सीमा-विवाद को लेकर किस देश से युद्ध हुआ था?	2
14-	'पृथ्वी सम्मेलन' किस समस्या को लेकर आयोजित किया गया था?	2
15-	'साझी सम्पदा' का क्या अर्थ है?	2
16-	'नक्सलवादी' आन्दोलन किस राज्य से प्रारम्भ हुआ?	2
17-	गोवा संघीय राज्य क्यों बनाया गया?	2
18-	सिक्किम विधान सभा का प्रथम चुनाव कब सम्पन्न हुआ?	2
19-	धर्म निरपेक्ष शब्द का क्या अर्थ है?	2
20-	मध्यावधि चुनाव किसे कहते हैं?	2

(लघु उत्तरीय प्रश्न-1)

21-	संयुक्त राष्ट्र संघ का निर्माण कब किया गया? इसकी किन्हीं दो विशिष्ट संस्थाओं के नाम लिखिए तथा उनके कार्यों का उल्लेख कीजिए।	1+2+2
22-	भारत के नागरिक के रूप में भारत की राष्ट्र संघ में स्थाई सदस्यता क्यों होनी चाहिए? इसके पक्ष में दो तर्क दीजिए।	2½+2½
23-	आसियान का निर्माण क्यों किया गया? क्या यह अपने उद्देश्यों की पूर्ति में सफल है? इसके पक्ष में अपने विचार स्पष्ट कीजिए।	1+2+2
24-	दूसरी पंचवर्षीय योजना के मध्य औद्योगिक बनाम कृषि विकास के विवाद के कारणों का उल्लेख कीजिए।	2½+2½
25-	1975 ई० में आपातकाल लागू होने से हमें क्या सीख मिलती है? स्पष्ट कीजिए।	5
26-	1947 ई० में स्वतंत्रता प्राप्ति के समय भारत की किन्हीं दो क्षेत्रीय आकांक्षाओं का कारण सहित उल्लेख कीजिए।	2½+2½

(लघु उत्तरीय प्रश्न-2)

27-	भारत और चीन की उभरती अर्थव्यवस्थाओं में वर्तमान की एक-ध्रुवीय व्यवस्था को चुनौती देने की क्षमता है। वर्तमान परिस्थितियों की दृष्टि से क्या आप इससे सहमत है? अपने मत की पुष्टि में तर्क भी दीजिए।	3+3
28-	वैश्विक पर्यावरण के सुरक्षा से जुड़े मुद्दे 1990 के दशक से विभिन्न देशों के लिए प्राथमिक सरोकार क्यों बन गये? किन्हीं तीन कारणों का उल्लेख कीजिए।	1½+1½+1½+1½
29-	हरित क्रान्ति क्या थी? इसके दो सकारात्मक तथा दो नकारात्मक परिणामों का उल्लेख कीजिए।	2+1+1+1+1
30-	अयोध्या विवाद क्या था? इसका समाधान कैसे हुआ?	3+3

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

31- शीतयुद्ध क्या है? दो-ध्रुवीय विश्व का आशय स्पष्ट करते हुए शीतयुद्ध के दायरों का उल्लेख कीजिए। 2+2+4

अथवा

दो-ध्रुवीय विश्व का क्या अर्थ है? इसके विघटन के चार कारणों का उल्लेख कीजिए। 2+1½+1½+1½+1½

32- निम्नलिखित देशों के साथ भारत के वैदेशिक सम्बन्धों की व्याख्या कीजिए। 4+4

1- भारत-पाकिस्तान

2- भारत-चीन

अथवा

गुटनिरपेक्षता की नीति का क्या अर्थ है? वर्तमान परिस्थितियों में भी यह भारत के लिए प्रासंगिक है। इसके पक्ष में अपना मत स्पष्ट करिये। 2+3+3

https://www.evidyarthi.in/